दिनांक 30.07.2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

कोविड केयर सेंटर से देंगे कोरोना को मात, सेनेटाइजिंग के साथ तैयार हुआ 900 बिस्तर का अस्पताल

भिलाई नगर। कचांदूर स्थित कोविड केयर सेंटर से कोरोना को मात दिया जाएगा। जिले में बढ़ते हुए संक्रमण को ध्यान में रखते हुए जिला और निगम प्रशासन ने कचांदुर स्थित चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल का ॅलेज और हा ॅस्पिटल परिसर को महज चंद दिनों में कोविड केयर सेंटर बनाया है। निगमायुक्त श्री रघुवंशी के मार्गदर्शन में निगम की टीम ने पूरी ताकत झोंक कर कोविड केयर सेंटर तैयार कर लिया है! जिसे आज नगर पालिक निगम की टीम ने मेडिकल का ॅलेज और हा ॅस्पिटल बिल्डिंग के एक-एक वार्ड को सेनेटाइज किया। कलेक्टर डा ॅ् सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे और निगम श्री आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश के मुताबिक कोविड केयर सेंटर में बाहरी एवं अन्य लोगों की आवाजाही पर रोक लगाने के लिए बेरिकेटिंग एवं पार्टीशन कर सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई। बहुत जल्द यहां कोविड- 19 के मरीजों को रखा जाएगा। कोरोना के मरीजों की वजह से संक्रमण न फैले इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से कोविड- 19 के बचाव को लेकर जारी 14 बिंदुओं का पालन करते हुए हा ॅस्पिटल में मरीजों के प्रवेश से लेकर उनके रहने और खाने की व्यवस्था की गई है। यहां भर्ती होने वाले मरीजों को किसी भी प्रकार से परेशानी न हो। इस बात का निगम प्रशासन की ओर से विशेष ध्यान रखा गया। यहां भर्ती होने वाले मरीजों के लिए निगम प्रशासन की ओर से टूथब्रश , टूथ पेस्ट, नहाने और कपड़े धोने का साबुन जैसी जरूरी सुविधा मुहैया कराई गई है। संक्रमण रोकने सेंसर युक्त टचलेस सेनेटाइजर मशीन कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए हास्पिटल परिसर में कई जगहों पर टचलेस सेंसरयुक्त हैंड सेनेटाइजर मशीन लगाई गई है। इस मशीन के नीचे जैसे ही हथेली को ले जाएंगे। सेनेटाइजर स्वयं गिरने लगेगी। जैसे ही हाथ को हटा लेंगे लिक्विड का गिरना अपने से बंद हो जाएगा। इस तरह से कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए ऑटोमेटिक सिस्टम पर जोर दिया गया है। इसी प्रकार शुद्ध पानी के लिए हर वार्ड में नया आरओ मशीन , टायलेट की अच्छी तरह से सफाई के लिए फलश लगाई गई है। इन कार्यों का निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी , अधीक्षण अभियंता सत्येन्द्र सिंह, उपायुक्त तरूण पाल लहरे ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त पूजा पिल्ले, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली सहित मौजूद थे। हर वार्ड में बेड तैयार तीन मंजिला हास्पिटल बिल्डिंग के 34 वार्डाें में कोरोना के मरीजों को रखा जाएगा। हर वार्ड में 30 से 32 बिस्तर लगाई गई है। नई चादर, तकिया की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा चिकित्सकों के लिए रिटायरिंग रूम , नर्सिंग स्टा ॅफ, केयर टेकर, पुलिस के जवान और सफाई कर्मियों की ठहरने के लिए अलग-अलग ब्ला ॅक में कमरे की व्यवस्था की गई है। सभी के आने और

जाने के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार चिन्हित किया गया है। सेंटल कमांड रूम से निगरानी सेंटल कमांड रूम से वार्ड में भर्ती मरीजों की गतिविधियों की मानिटरिंग किया जाएगा। इसके लिए हर वार्ड के प्रवेश द्वार और बरामदे में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया। इस कैमरे की मदद से कमांड रूम में बैठे अधिकारी, मरीज और स्टाॅफ पर नजर रखेंगे। आज सीसीटीवी कैमरे को चालू कर हाॅस्पिटल के अंदर और बाहर गतिविधियों की मानिटरिंग शुरू किया गया।